दिनांक 25 जनवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जोन अध्यक्षो ने पदभार किया ग्रहण, विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल रहे मौजूद

भिलाईनगर। आज निगम के विभिन्न जोन कार्यालयो में विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में जोन समिति के अध्यक्षो ने पदभार ग्रहण किया और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए आज से कुर्सी संभालते हुए काम प्रारंभ कर दिया। जोन 01 नेहरू नगर में सर्वप्रथम सभापति एवं जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू को उनके कक्ष में विधायक और महापौर ने पदभार ग्रहण करवाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान गौठान एवं तालाब विकास पर भी विधायक ने चर्चा की। जोन 02 वैशाली नगर के जोन समिति के अध्यक्ष रामानंद मौर्या एवं शिवाजी नगर जोन 04 के जोन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव ने भी आज पदभार ग्रहण किया। वहीं जोन 03 मदर टेरेसा नगर जोन समिति के अध्यक्ष संतोषनाथ सिंह जालंधर एवं जोन 05 सेक्टर 06 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी महापौर की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कर चुके है।

विधायक और महापौर ने आज सभी जोन कार्यालय में पहुंचकर जोन अध्यक्षो से शहर विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, नेहा साहू,मन्नान गफ्फार खान एवं रीता सिंह गेरा , पार्षद महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, रानू साहू, हरिओम तिवारी, अंजु सिंहा, अभिषेक मिश्रा, नितेश यादव, शारदा राय, उषा शर्मा, नोमिन साहू, साधना सिंह, के जगदीश कुमार , शुभम झा, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता, मीरा बंजारे, सेवन कुमार, अभय कुमार सोनी , कोमल दास टंडन , भगवती शर्मा एवं उमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे। अन्य जोन कार्यालय की तरह जोन 05 सेक्टर 6 भी बनेगा सशक्त - जोन 05 सेक्टर 06 कार्यालय को अन्य जोन कार्यालय की तरह तैयार बनाया जायेगा।

महापौर नीरज पाल के निर्देश पर जोन अध्यक्ष ने इस पर काम प्रारंभ कर दिया है। महापौर ने कहा कि जोन 05 में सभी प्रकार के संसाधनो को बढ़ाने पर कार्य किया जायेगा ताकि जोन 05 कार्यालय में भी अन्य जोन कार्यालय की तरह काम हो और सेक्टर छेत्र के नागरिकों को योजनाओं तथा अन्य कार्यों का अच्छे से लाभ मिले। जोन समिति की प्रथम

बैठक में कर्मचारी सेटअप को लेकर भी चर्चा की गई है। विभागवार अधिकारी-कर्मचारियो का सेटअप तैयार किया जा रहा है , सेटअप पर प्रक्रिया तेज हो गई है। नये कार्यालय भवन के लिये भी इस दौरान चर्चा की गई ताकि सेटअप के अनुसार विभागवार कर्मचारी बैठकर आसानी से अपना कार्य कर सके।